एक नजर में

ट्रेन में चढ़ते समय महिला के पर्स से लाखों के गहने गायब

पटना : सीतामढ़ी के बाजपट्टी निवासी राम देवी के पर्स से बदमाशों ने लाखों रुपये के गहने गायब कर दिए। घटना पटना-हटिया एक्सप्रेस में सवार होने के दौरान पटना जंक्शन पर हुई। महिला अपने बच्चों के साथ ट्रेन में चढ़ रही थीं। बदमाशों ने भीड़ का फायदा उठा उनके पर्स से गहने उड़ा लिए। ट्रेन में सवार होने के बाद राम देवी ने अपना पर्स चेक किया तो उसमें रखे गहने गायब मिले। (जासं)

डाक्टर के घर चालक की बिगड़ी तबीयत, मौत

पटना: कंकड़बाग थाना क्षेत्र में एक डाक्टर के निजी चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान खेमनीचक निवासी परमेश्वर कुमार के रूप में हुई है। मौत के बाद मृतक की पत्नी पूजा कुमारी ने डाक्टर सुधांशु कुमार पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (जासं)

युवक के साथ जमकर मारपीट, सिर फटा

पटना: पाटलिपुत्र थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर फ्लाई-ओवर के नीचे लड़की के विवाद को लेकर एक दर्जन से अधिक युवकों ने एक युवक के साथ जमकर मारपीट की। किसी तरह युवक फ्लाई-ओवर के नीचे तैनात पुलिसकर्मियों के पास पहुंचा। वह आपबीती बता ही रहा था कि अचानक हमलावर वहां आ पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में ही युवक पर दोबारा हमला कर दिया। (जासं)

रिश्वत लेकर युवकों को छोड़ने का आरोप, एक लाइन हाजिर

पटना : रामकृष्णानगर थाने के एक पुलिस पदाधिकारी पर दो युवकों के साथ मारपीट करने और बाद में 60 हजार लेकर छोड़ने का आरोप लगा है। मामले से जुड़ा वीडियो आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। सिटी एसपी पूर्वी ने कार्रवाई करते हुए रामकृष्णानगर थाने के पुलिस पदाधिकारी अनुपम सौरभ को लाइन हाजिर कर दिया है। (जासं)

साइबर ठगों की मनी ट्रेल मिटाने वाला गिरोह बेनकाब, 11 गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पटना : अगमकुआं शीतला माता मंदिर स्थित एक फ्लैट व शहर के अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए सीसीएसयू की टीम ने साइबर अपराधियों के लिए काम करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के 11 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 150 एटीएम कार्ड, 150 से अधिक चेकबुक, 50 से ज्यादा मोबाइल फोन, लैपटाप और करीब तीन लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में गिरोह के मुख्य सरगना राहुल और कन्हैया भी शामिल हैं। राहुल राजस्थान और कन्हैया दिल्ली का रहने वाला है।

जांच में पता चला कि गिरोह खुद लोगों को साइबर ठगी का शिकार बनाने के बजाय ठगों तक रकम पहुंचाने की अहम कड़ी था। साइबर ठग जब किसी व्यक्ति से धोखाधड़ी कर रकम हासिल करते थे तो पैसा सीधे अपने खाते में लेने के बजाय इन खातों में मंगवाते थे। म्यूल खातों में रकम आने के बाद उसे एटीएम से निकालने या ट्रांसफर किया जाता था। इसके बाद रकम को सीडीएम (कैश डिपोजिट मशीन) या बैंक के जरिए साइबर ठगों के वास्तविक खातों तक पहुंचाया जाता था।

गांव से शहर बना ब्रह्मपुर, समस्याओं से मुक्ति नहीं

बुनियादी सुविधाओं की स्थिति जस की तस हल्की बारिश में भी हो जाता है पूरे इलाके में जलजमाव

गलियां ये कहती हैं

ब्रह्मपुर

सैयद नकी इमाम ● जागरण



उठाव न होने से ब्रह्मपुर की गलियों में सड़क किनारे जमा कचरा ● जागरण

पटना: ब्रह्मपुर कभी ऐसा गांव था, जहां शाम ढलते ही सन्नाटा पसर जाता था। आज उसी ब्रह्मपुर की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है। ऊंची-ऊंची इमारतें, आलीशान मकान, नई कालोनियां और अपार्टमेंट यहां के बदलते स्वरूप की गवाही दे रहे हैं। जमीन की कीमतें आसमान छू रही हैं और मकान बनाने का सपना आम लोगों की पहुंच से दूर होता जा रहा है। शहर के विस्तार के साथ यहां नौकरशाहों और संपन्न लोगों का बसेरा भी बढ़ा है, लेकिन आम लोगों की बुनियादी सुविधाओं की तस्वीर अब भी गांव जैसी ही है।

ब्रह्मपुर का कुछ हिस्सा पटना नगर निगम और कुछ हिस्सा फुलवारीशरीफ नगर परिषद क्षेत्र में आता है। फुलवारीशरीफ नगर परिषद के इलाके में विकास के कुछ काम दिखाई देते हैं, लेकिन नगर निगम क्षेत्र में आने वाला ब्रह्मपुर मानो विकास की दौड़ से बाहर रह गया है। सड़क, नाला, जलनिकासी और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए लोग आज भी परेशान हैं। जलजमाव यहां की सबसे बड़ी समस्या बन गई है। बारिश के बाद कई इलाकों में पानी सड़कों पर जमा हो जाता है। नालियों का पानी भी सड़क पर बहता रहता है। जलजमाव से सड़कें टूटकर जर्जर हो चुकी हैं। कई गलियों की हालत इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नई बसी कालोनियों में भी समस्या कम नहीं है। कहीं सड़क नहीं है तो कहीं नाला नहीं बना है। नालियों की समुचित व्यवस्था नहीं होने से घरों के आसपास गंदा पानी जमा रहता है।

लोगों का कहना है कि वर्षों से ब्रह्मपुर तेजी से शहर में बदल रहा है, लेकिन नगर निगम की योजनाओं में इसकी समस्याएं प्राथमिकता नहीं बन सकीं। आबादी और मकानों का बोझ बढ़ता गया, लेकिन जलनिकासी और सड़क की व्यवस्था उसी पुराने ढर्रे पर बनी रही।



ब्रह्मपुर शहर बन गया, लेकिन सुविधाएं अब भी गांव जैसी हैं। जलजमाव के कारण बरसात में घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। जगह-जगह गंदगी और कूड़े का अंबार लगा रहता है। नियमित सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

शशि कला कुमारी



यहां सड़क और नाली की स्थिति बेहद खराब है। हल्की बारिश में भी जलजमाव हो जाता है। कई गलियों में सड़क टूटी हुई है। नालियों की व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी सड़कों पर बहता है। नगर निगम को लोगों की समस्या पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए।

सम्राट मनोरंजन



बिजली की व्यवस्था भी जर्जर है। आए दिन बिजली कटौती और लो-वोल्टेज की समस्या बनी रहती है। कई जगह बिजली के तार और पोल भी पुराने हैं। बरसात में जलजमाव के बीच विद्युत आपूर्ति को लेकर लोगों में डर बना रहता है।

बच्ची देवी



ब्रह्मपुर में तेजी से मकान और अपार्टमेंट बन रहे हैं, लेकिन बुनियादी सुविधाएं उसी रफ्तार से नहीं बढ़ीं। सड़क, नाला और साफ-सफाई की स्थिति बदहाल है। जलजमाव के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी होती है।

संजीव कुमार



नगर निगम क्षेत्र में आने के बाद लोगों को उम्मीद थी कि विकास होगा, लेकिन स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ। गलियों में गंदगी, टूटी सड़क और जलजमाव आम समस्या है। सफाई व्यवस्था नियमित नहीं होने से बीमारी फैलने का खतरा भी बना रहता है।

शैलेश कुमार



ब्रह्मपुर की आबादी लगातार बढ़ रही है, लेकिन सड़क और जलनिकासी की व्यवस्था पुरानी ही है। बारिश में कई रास्ते पानी में डूब जाते हैं। नगर निगम को नई कॉलोनियों की जरूरत के अनुसार स्थायी विकास योजना बनानी चाहिए।

विवेक चंद्रवंशी

आप भी कुछ कहना चाहते हैं तो हमें लिख भेजें

7091595959

ई-मेल

jayshankar@pat.jagran.com

दीघा गंगा घाट पर नहाने गए दो नाबालिग डूबे, तलाश जारी

जासं, पटना : जेपी गंगा पथ स्थित जेपी सेतु घाट पर बुधवार को स्नान करने के दौरान दो नाबालिग छात्र गहरे पानी में डूब गए। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और दोनों की तलाश शुरू कर दी। गोलारोड स्थित कुसुमपुरम कालोनी के चार दोस्त जेपी गंगा पथ घूमने पहुंचे थे। इसी दौरान सभी गंगा में स्नान करने चले गए।

गंगा पथ पर बाइक डिवाइडर से टकराई एक युवक की मौत

जासं, पटना: जेपी गंगा पथ पर मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक तहसीन की मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा युवक घायल हो गया। स्वजन घायल तहसीन को उपचार के लिए पीएमसीएच लेकर पहुंचे। अस्पताल के मुख्य गेट के पास पहुंचते-पहुंचते उसकी हालत बिगड़ गई और उसने दम तोड़ दिया।

बंद घरों में चोरी करने वाले तीन गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, पटना जक्कनपुर थाना पुलिस ने करबिगहिया स्थित लोको कालोनी में घेराबंदी कर बंद घरों और दुकानों के ताले तोड़कर चोरी करने वाले अंतरजिला गिरोह के तीन चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान धर्मेंद्र कुमार (परसा, पटना) तथा मो. इमरान और रौशन (नूरसराय, नालंदा) के रूप में हुई है।

FORM NO.32- Patna
(See Regulation 14 of DRT Regulation 2024)
See Rule 23 (viii) of the DRT (Procedure) Rules, 1993)
Government of India
Ministry of Finance
Department of Financial Services
Debts Recovery Tribunal
2nd Floor, Karpuri Thakur Sadan, Rajiv Nagar, Patna-25.
O.A. No. 132 of 2024
Applicant(s).....HDFC Bank Limited
V/s
Defendants (s)..... M/s Madhu Enterprises and Ors
To,
Defendants no.-

1. **M/s Madhu Enterprises**, a proprietorship concern, through its proprietor Mr. Bipin Sharma, **Address: -** Sai Enclave Road no.- 1 A, Shivpuri, Near Railway Crossing, Shivpuri, District-Patna, Pin code- 800023, Bihar, Near Nutan Boys Hostel. **And also at** M/s Madhu Enterprises, Pratimalay Shopee Shanti Kunj, Kela Bagan Opp- Indian Oil Petrol Pump, Puhlwarisharif, Patna - 801505, Bihar.
2. **Bipin Sharma (Proprietor/Guarantor)** son of Satya Anand, **Address: -** Sai Enclave Road no.- 1 A, Shivpuri, Near Railway Crossing, Shivpuri, District-Patna, Pin code- 800023, Bihar, Near Nutan Boys Hostel.

SUMMONS

1. WHEREAS, **O.A no.- 132 of 2024** was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on **07.01.2026.**
2. WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/ notice on the said Application under section 19(4) of the Recovery of Debts and Bankruptcy Act 1993, (OA) filed against you for recovery of debts of **Rs. 22,75,764.38/- (Rupees Twenty Two Lakh Seventy Five Thousand Seven Hundred Sixty Four and Thirty Eight Paisa only) as on 27.11.2023.**
3. WHEREAS the service of summons/ Notice could not be affected in the ordinary manner and whereas the Application for substitute service has been allowed by this Tribunal.
4. In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-

I. To show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
II. To disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
III. You are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
IV. You shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/ or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
V. You shall be liable to account for the sale proceeds realized by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.

5. You are also directed to file the written statement within 30 days of publication of this summon,with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on **13.10.2026** At **10:30 AM**. failing which the application shall be heard and decided in your absence.

Given under my hand and the seal of this Tribunal on this **02.09.2026.**

Registrar,
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL,PATNA

एजेंट लाते थे शिकार, ब्रेनवाश कर कराया जाता निवेश

फालोअप

जासं, पटना : शेयर बाजार में 30 से 50 प्रतिशत तक मुनाफे का झांसा देकर 100 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने के आरोपित श्रीधर पाठक ने छह-सात वर्षों में अपना पूरा नेटवर्क खड़ा किया था। ट्रेडिंग से शुरू हुआ उसका सफर पहले एक निवेश कंपनी बनाने और फिर 100 से अधिक एजेंटों का नेटवर्क तैयार करने तक पहुंचा। एजेंट निवेशक तलाशते थे और श्रीधर दीघा स्थित कार्यालय में उन्हें भरोसे में लेकर बड़ी रकम निवेश कराता था। एजेंटों को स्पष्ट काम दिया गया था कि ऐसे लोगों की तलाश करें, जिनके पास मोटी रकम हो और वे निवेश कर सकें।

एजेंट वैसे लोगों को तलाशते थे, जिनके पास हाल में बड़ी रकम आई हो। इनमें रिटायर्ड लोग, खेत या जमीन बेचने वाले और बेटी की शादी के लिए रकम जुटाने वाले परिवार शामिल थे। निवेश के लिए तैयार करने के दौरान पहले से निवेश कर चुके लोगों की रकम और उन्हें मिले मुनाफे का उदाहरण दिया जाता था। एजेंट का काम सिर्फ सामने वाले को इसके लिए तैयार करना था। इसके बाद असली भूमिका श्रीधर की होती थी। श्रीधर लोगों को दीघा के मखदुमपुर स्थित गेट नंबर-93 के पास बने कार्यालय में बुलाता था। वहां बातचीत के जरिए उनका माइंडवाश कर निवेश के लिए तैयार किया जाता था। शुरुआत में लोग जितनी रकम देते, उसे कुछ समय तक सुरक्षित रखते हुए भुगतान किया जाता था। पुलिस के अनुसार श्रीधर को पांच अक्टूबर को लखनऊ से गिरफ्तार किया गया था।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय
महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031

संदर्भ सं.: CUH/2026/Estt.Sec./T/808 दिनांक: 06.10.2026

वॉक-इन-इंटरव्यू

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के विभिन्न विभागों में **अतिथि संकाय** की नियुक्ति हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू **दिनांक 16.10.2026** को **प्रातः 09:00 बजे** विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में प्रस्तावित है। संबंधित विवरण जैसे विभाग, रिक्त पद, आरक्षण, योग्यता, निर्धारित आवेदन प्रपत्र तथा सामान्य निर्देश इत्यादि विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.cuh.ac.in** पर उपलब्ध हैं। **कुलसचिव**

AVIWADAN CABS PVT.LTD.

पटना में कैब सेवा प्रदान करते हुए, पटना से पूरे भारत में
न्यूनतम किराया एवं **शानदार, सुरक्षित यात्रा** के साथ



सिर्फ कैब नहीं, भरोसे का सफर,

घंटे के हिसाब से कैब उपलब्ध
1 घंटा / 2 घंटा /3 घंटा....

रात में भी कैब सुविधा आपकी
देर रात की यात्रा भी सुरक्षित

हमारे ड्राइवर 'ON CALL DRIVERS' नहीं हैं
हमारे सभी ड्राइवर स्थायी (Permanent) कंपनी के हैं।

हमारे ड्राइवर विशेष रूप से प्रशिक्षित हैं हमारी अपनी ट्रेनिंग टीम द्वारा सुरक्षित, शिष्टाचार और ग्राहक सेवा की खास ट्रेनिंग

आपको मिलेगा 'OWN CAR" &" OWN DRIVER" (OCOD)
जैसा अनुभव हर बार वही भरोसा, वही आराम, वही अपनापन

8102938270, 9693084281

Email :- aviwadancabspvtltd@gmail.com
Website : www.aviwadancabs.com I www.aviwadancabs.in
Add:- RPS Engineering College, Khagaul Road Patna, Bihar-801503

SBI तनावग्रस्त परिसंपत्ति प्रबंधन शाखा-1, कोलकाता — ई-नीलामी नोटिस

'नागालैंड हाउस', आठवीं मंजिल, 11 और 13 शेक्सपियर सरानी, कोलकाता - 700071, फोन: 033-22803098, फैक्स: 033-22810622, ईमेल: sbi.04151@sbi.co.in

अधिकृत अधिकारी का विवरण: नाम: अनिल कुमार अनल, ईमेल आईडी: clo5.04151@sbi.co.in मोबाइल नंबर: 9955998430

परिशिष्ट - IV-A
[नियम 8 (6) के परंतुक देखें]
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना
सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

ई-नीलामी की तिथि एवं समय : दिनांक : 10.11.2026
समय : सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक, प्रत्येक बोली के लिए 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ।

इसके द्वारा आम जनता और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) और गारंटर (ओं) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो सुरक्षित लेनदार के पास प्रभारित/बंधक है और जिसका भौतिक कब्जा भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, सुरक्षित लेनदार द्वारा ले लिया गया है, को **10.11.2026** को **सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक** वेबसाइट **https://baanknet.com** के माध्यम से **'जैसा है, जहां है', 'जैसा है, जो है'** और **'जो कुछ भी है'** के आधार पर बिना किसी प्रतिफल के बेचा जाएगा, ताकि **जय माता दी फूड प्रोसेसिंग प्राइवेट लिमिटेड** (उधारकर्ता) और गारंटरों (1) श्रीमती रूमा देवी (2) श्रीमती नितु देवी (3) श्रीमती सबिता देवी (4) श्री नीरज कुमार (5) श्री संजय कुमार और (6) श्री अजय कुमार से सुरक्षित लेनदार को देय **21.01.2024 तक के 11,15,38,482.88/- रुपये (ग्यारह करोड़ पंद्रह लाख अड़तीस हजार चार सौ बयासी और अठासी पैसे मात्र)** और उसके बाद के अर्जित ब्याज और प्रभारों की वसूली की जा सके। । संपत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य और ईएमडी निम्नलिखित हैं:

क्र. सं.	संपत्ति/परिसंपत्तियों का विवरण	(I.) आरक्षित मूल्य (ii.) ईएमडी (iii.) बोली बढ़ोतरी राशि (iv.) निरीक्षण की तिथि और समय
	विलेख संख्या : 17835 दिनांक: 13/06/2012 (स्वर्गीय श्रीमती राधा मणि देवी के नाम पर) पंजीकृत बंधक विलेख संख्या-2079 दिनांक 06.12.2016 द्वारा (i) श्री संजय कुमार, (ii) श्री नीरज कुमार, (iii) श्री अजय कुमार द्वारा स्वामित्व वाली संपत्ति। भूमि का क्षेत्रफल: 13 धुर (लगभग 2.03125 डेसिमल), पता: जिला-पटना, मौजा - महामदपुर, पकाउली चांगर, थाना: कंकड़बाग, थाना संख्या: 24, तौजी संख्या: 167, खाता संख्या: 33, प्लॉट संख्या : 38, वार्ड संख्या 22 (पुराना), मोहल्ला: अशोक नगर, कंकड़बाग रोड संख्या 8-बी, पटना, बिहार। (जी+2 आवासीय मकान निर्मित। विलेख के अनुसार चौहद्दी इस प्रकार हैं: उत्तर: श्री भाग्य नारायण गुप्ता, दक्षिण: श्रीमती जानकिला देवी, पूर्व : श्रीमती स्मारिया देवी और विजय यादव, पश्चिम: 10 फुट चौड़ी सड़क (जिसमें 5 फुट क्रेता द्वारा छोड़ा गया है) संपत्ति आईडी: SBIN200011818802	(i) रू. 74,00,000/- (ii) रू. 7,40,000/- (iii) रू. 50,000/- (iv) रू. 02.11.2026 को अपराह्न 2 बजे से अपराह्न 3 बजे तक

संपत्ति के लिए खोज

बैंक वेबसाइट	ई-नीलामी वेबसाईट	संपत्ति का स्थान :
https://sbi.co.in/web/sbi-in-the-news/auction-notices/sarfaesi-and-others	URL : https://baanknet.com	SBIN200011818802

संपत्ति के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए भारतीय स्टेट बैंक, सुरक्षित लेनदार की वेबसाईट https://www.sbi://www.sbi.bank.in, https://baanknet.com/eauction पर उपलब्ध कराये गये लिंक देखें।

दिनांक : 08.10.2026
स्थान : कोलकत्ता

ह0/-
प्राधिकृत अधिकारी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया

Nippon India Mutual Fund
Wealth sets you free

म्यूचुअल सेंस

आपके बैंकिंग के विवरणों को अपडेटेड रखता है.

ताकि हम आपके भुगतानों की सहजता से प्रक्रिया सुनिश्चित कर सकें.

अपने बैंकिंग के विवरण अपडेट कीजिए

- बैंक अकाउंट नंबर
- IFSC कोड
- अकाउंट का प्रकार और बैंक अनुदेश

डिविडेंड और निकासी का धन सीधे अपने बैंक अकाउंट में पाइए, बिना किसी देरी, भुगतान फेल्योर, या गलत ट्रांसफर के.

विश्व निवेशक सप्ताह 2026
WORLD INVESTOR WEEK October 5-11

अधिक जानकारी के लिए, संपर्क कीजिए:

व्यक्तिगत रूप से: अपनी निकटतम निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड शाखा में आइए
फोन कॉल के ज़रिए: हमारे टोल-फ्री नंबर 1860 266 0111 पर कॉल कीजिए
वितरक के ज़रिए: अपने म्यूचुअल फंड वितरक से संपर्क कीजिए
NIMF के डिजिटल प्लेटफॉर्म्स: निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड ऐप डाउनलोड कीजिए या आधिकारिक वेबसाइट पर विज़िट कीजिए

Mutual Sense
Responsible Investor.
Sensible Investor.

सिक्योरिटीज़ एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (SEBI) का Saarthi मोबाइल ऐप डाउनलोड करने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन कीजिए और मुफ़्त इन्वेस्टर जागरूकता एवं शिक्षा टूल्स तक एक्सेस पाइए.

mf.nipponindiaim.com/EdgeOfKnowledge

निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड की निवेशक शिक्षा और जागरुकता पहल.

म्यूचुअल फंड निवेशकों के लिए सहायक जानकारी: सभी म्यूचुअल फंड निवेशकों को वन-टाइम KYC (नो योर कस्टमर) प्रक्रिया से गुजरना होगा. निवेशकों को सिर्फ़ पंजीकृत म्यूचुअल फंड्स के साथ लेनदेन करना चाहिए, जिनका सत्यापन सेबी की वेबसाइट पर 'Intermediaries/Market Infrastructure Institutions' के अंतर्गत कर लेना चाहिए. अपनी शिकायतों के निवारण के लिए आप https://scores.sebi.gov.in पर विज़िट कर सकते हैं. KYC, विभिन्न विवरणों में बदलावों की अधिक जानकारी और शिकायतों के समाधान के लिए विज़िट करें mf.nipponindiaim.com/InvestorEducation/what-to-know-when-investing

Nippon India Mutual Fund, MF/022/95/1

म्यूचुअल फंड निवेश बाजार जोखिमों के अधीन है, योजना से जुड़े सभी दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें.

rediffusion.in